मेरी रसना से राधा राधा नाम निकले हर घडी हर पल, हर घडी हर पल Bhajans Bhakti Songs

मेरी रसना से राधा राधा नाम निकले,
हर घडी हर पल, हर घडी हर पल।

तेरी भक्ति के गीत मैं गाया करूँ,
हृदय को मैं शुद्ध बनाया करूँ ।
हर घडी हर पल, हर घडी हर पल,
तेरी याद में सुबहो और श्याम निकले,
मेरी रसना से राधा राधा नाम निकले॥

मैं तो राधा राधा ही ध्याया करूँ,
सच्ची श्रद्धा की अग्नि जलाया करूँ।
हर घडी हर पल, हर घडी हर पल।
तेरी मस्ती में दिन और रात निकले,
मेरी रसना से राधा राधा नाम निकले।

मन मंदिर में ज्योति जगा तुम देना,
मैल मन की मेरे तुम हटा ही देना।
हर घडी हर पल, हर घडी हर पल।

तेरे ध्यान में उम्र तमाम निकले,
मेरी रसना से राधा राधा नाम निकले ॥

दिल में राधा ही नाम बसाऊ सदा,
सेवा कर्मो की भेंट चडाऊ सदा ।
हर घडी हर पल, हर घडी हर पल ।
नाम जपते ही अंतिम स्वास निकले,
मेरी रसना से राधा राधा नाम निकले ॥

जय राधे राधे, जय राधे राधे,
श्री राधे राधे, श्री राधे राधे ।
जय राधे राधे, जय राधे राधे,
श्री राधे राधे, श्री राधे राधे ।

जय राधे राधे राधे, जय राधे राधे राधे,
श्री राधे राधे राधे, श्री राधे राधे राधे ।
जय राधे राधे राधे, जय राधे राधे राधे,

Source: https://www.bharattemples.com/meri-rasna-se-radha-radha-naam-nikle/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw